Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 03 जून, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-03-june-2020

कम्युनिटी कोच डेवलपमेंट प्रोग्राम

हाल ही में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री किरन रीजीजू (Kiren Rijiju) ने खेलो इंडिया कम्युनिटी कोच डेवलपमेंट प्रोग्राम (Community Coach Development Program) का उद्घाटन किया। यह शारीरिक शिक्षा अध्यापकों (Physical Education Teachers) और सामुदायिक प्रशिक्षकों (Community Coaches) से संबंधित 25 दिवसीय कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा को अधिक महत्त्व देना है। यह कार्यक्रम मानव संसाधन विकास मंत्रालय और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से कार्यान्वित किया जाएगा और इसे देश भर के सभी विद्यालयों तक पहुँचाया जाएगा। इस अवसर पर खेल मंत्री किरन रीजीजू ने कहा कि विद्यालयों के बच्चों को दैनिक जीवन में खेल तथा फिटनेस को अपनाने हेतु प्रेरित करने में सामुदायिक प्रशिक्षक और शारीरिक शिक्षा अध्यापक महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं। खेल मंत्री के अनुसार, यदि देश में खेल संस्कृति विकसित की जाती है तो विजेता स्वतः ही तैयार हो जाएंगे। भारत सरकार ने लोगों को अपने जीवन में फिटनेस को अपनाने हेतु प्रोत्साहित करने के लिये कई कदम उठाए हैं, जिसमें फिट इंडिया मूवमेंट उल्लेखनीय है। इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री द्वारा 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में की गई थी। फिट इंडिया मूवमेंट का उद्देश्य प्रत्येक भारतीय को रोज़मर्रा के जीवन में फिट रहने के साधारण और आसान तरीके शामिल करने के लिये प्रेरित करना है। उल्लेखनीय है कि शारीरिक शिक्षा न केवल व्यक्ति के शारीरिक विकास के लिये महत्त्वपूर्ण है, बल्कि यह व्यक्ति के मानसिक विकास में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करती है।

विश्व साइकिल दिवस

प्रत्येक वर्ष 3 जून को विश्व साइकिल दिवस (World Bicycle Day) मनाया जाता है। बीते दो दशकों से अनवरत प्रयोग की जा रही साइकिल की विशिष्टता को स्वीकार करते हुए, इसे परिवहन के एक सरल, किफायती, भरोसेमंद, स्वच्छ और पर्यावरणीय रूप से उपयुक्त साधन के रूप में प्रोत्साहित करने के लिये संयुक्त राष्ट्र (United Nations-UN) द्वारा सर्वप्रथम 3 जून, 2018 को विश्व साइकिल दिवस का आयोजन किया गया था। यह दिवस हितधारकों को सतत् विकास को बढ़ावा देने और शारीरिक शिक्षा समेत सामान्य शिक्षा पद्धति को मज़बूत करने के साधन के रूप में साइकिल के उपयोग पर जोर देने के लिये प्रोत्साहित करता है। इस अवसर पर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को मज़बूत करने और समाज में साइकिल चलाने की संस्कृति को विकसित करने के लिये अनेक प्रकार के आयोजन किये जाते हैं। उल्लेखनीय है कि साइकिल परिवहन का एक सस्ता और स्वच्छ माध्यम है, इससे किसी भी किस्म का पर्यावरण प्रदूषण नहीं होता है और यह स्वास्थ्य की दृष्टि से भी उपयोगी है। साइकिल टिकाऊ परिवहन का एक महत्त्वपूर्ण प्रतीक है और यह स्थायी उपभोग को बढ़ावा देने के लिये भी उपयोगी है।

COVID-19 टेक्नोलॉजी एक्सेस पूल

विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organization-WHO) ने जीवन रक्षा तकनीक तक समान पहुँच के लिये ‘COVID-19 टेक्नोलॉजी एक्सेस पूल’ (COVID-19 Technology Access Pool-C-TAP) लॉन्च किया है। C-TAP का उद्देश्य अनुसंधान और सूचना के आदान-प्रदान के माध्यम से टीकों और दवाओं के विकास में तेज़ी लाना और विकसित किये गए किसी भी उत्पाद की विनिर्माण क्षमता को बढ़ाना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने अन्य हितधारकों से भी इस पहल से जुड़ने का आग्रह किया है। उल्लेखनीय है कि इस पहल की पेशकश कोस्टा रीका (Costa Rica) के राष्ट्रपति कार्लोस अल्वाराडो (Carlos Alvarado) द्वारा मार्च 2020 में की गई थी। ‘COVID-19 टेक्नोलॉजी एक्सेस पूल’ के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि COVID-19 के संबंध में सभी नवीनतम और सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक प्रगति का लाभ विश्व के सभी देशों को प्राप्त हो सके। ‘COVID-19 टेक्नोलॉजी एक्सेस पूल’ स्वैच्छिक और सामाजिक एकजुटता पर आधारित होगा और इसके ज़रिये वैज्ञानिक जानकारी, डेटा और बौद्धिक सम्पदा को वैश्विक समुदाय के साथ समान रूप से साझा करने में मदद मिलेगी। संयुक्त राष्ट्र (United Nations-UN) द्वारा समर्थित इस पहल का उद्देश्य निम्न व मध्यम आय वाले देशों में जीवनरक्षक दवाइयों की सुलभता सुनिश्चित करना है।

‘दिल्ली कोरोना’ एप

राजधानी दिल्ली में कोरोना वायरस (COVID-19) संक्रमण के मामले दिन-प्रति-दिन बढ़ते जा रहे हैं, ऐसे में COVID-19 की गंभीर स्थिति के मद्देनज़र दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आम लोगों की सहायता के लिये ‘दिल्ली कोरोना’ नाम से एक मोबाइल एप लॉन्च किया है। गौरतलब है कि दिल्ली सरकार के इस एप की मदद से आम लोगों को इस बात की जानकारी प्राप्त हो सकती है कि राज्य के सरकारी और निजी अस्पतालों में कितने बेड और वेंटीलेटर खाली हैं। इस एप की सबसे खास बात यह है कि यहाँ बिना किसी रजिस्ट्रेशन के ही जानकारी प्राप्त की जा सकती है। यह एप अंग्रेज़ी और हिंदी भाषा में उपलब्ध है। उल्लेखनीय है कि देश में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले लगातार नया रिकॉर्ड बना रहे हैं, नवीनतम आँकड़ों के अनुसार, भारत में कोरोना संक्रमण के मामले 2 लाख से भी अधिक हो गए हैं और देश के इस घातक वायरस के कारण कुल 5,834 लोगों की मृत्यु हो गई है। दिल्ली में भी कोरोना संक्रमण के 20000 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं।